हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, बुधवार, 3 सितंबर 2025

11 भूना में जलभराव का कारणः जोहड़ों पर कब्जा, सिस्टम की चुप्पी



12 घग्गर के जलस्तर और तटबंधों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क



## खबर संक्षेप

### क्षतिपूर्ति पोर्टल 10 सितंबर तक रहेगा खुला

**टोहाना।** एसडीएम आकाश शर्मा ने बताया कि जिला में हुई भारी वर्षा और जलभराव के कारण प्रभावित किसानों की सुविधा के दृष्टिगत प्रदेश सरकार ने क्षतिपूर्ति पोर्टल 10 सितंबर तक किसानों के लिए खुला रखने के आदेश जारी किए हैं। इस पोर्टल पर किसान अपने खेतों में हुई फसल खराबी और जलभराव की स्थिति को दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन पूरी तरह गंभीर है।

### दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**रतिया।** नाबालिग लडक़ी से दुष्कर्म और उसकी फोटो वायरल करने के मामले में थाना शहर रतिया पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान सुनील कुमार पुत्र अमरीक सिंह निवासी रत्ताखेड़ा के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता अनुसार उसकी नाबालिग बेटी को आरोपी सुनील कुमार ने बहला-फुसलाकर कई बार दुष्कर्म किया।

### महिला के बैंक खाते से 66 हजार रुपये निकाले

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों ने भट्टू क्षेत्र की रहने वाली एक महिला को अपना शिकार बनाते हुए उसके बैंक खाते से 66 हजार रुपये निकाल लिए। महिला के मोबाइल पर जब बैंक खाते से पैसे कटने का मैसेज आया तो उसे अपने साथ हुए फ्रॉड का पता चला और उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### हेरोइन तस्करी के मामले में आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** नशीले पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने हेरोइन तस्करी के एक मामले में दूसरे आरोपी को काबू किया है। पकड़े गए युवक की पहचान रवि सिंह पुत्र पप्पू सिंह निवासी पीरावाली, जिला हिसार के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम फतेहाबाद-हिसार रोड पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान कार्रवाई की गई।

### युवक को हेरोइन के साथ किया गिरफ्तार

**डबवाली।** एएनसी डबवाली पुलिस ने एक युवक को 10 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। एएनसी डबवाली प्रभारी सूबे सिंह ने पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव बठिंडा चौक डबवाली पर मौजूद थे। एएसआई को विश्वसनीय सूत्रों से गुप्त सूचना मिली कि तेग बहादुर उर्फ पिंदा निवासी देसूजोधा नशा तस्करी का काम करता है और आज भी जोगेवाला रोड पर नशा तस्करी की फिराक में है। सूचना के अनुसार नाकाबंदी शुरू कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### तीन दिवसीय 'नानी बाई रो मायरो' कल से

**सिरसा।** श्रीमती रेखा शर्मा मैमोरियल ट्रस्ट एवं श्रीमती सोनाली झूंथरा मैमोरियल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में 4 सितंबर से हिसार रोड स्थित निशुराराज रिसोर्ट में नानी बाई रो मायरो का आयोजन किया जा रहा है। कथा के आयोजक राजकुमार शर्मा एवं चंद्र झूथरा ने संयुक्त रूप से बताया कि कथावाचक जया किशोरी सभी भक्तों के सम्मुख कथा का गुणगान करेंगी। उन्होंने बताया कि कथा का समापन 6 सितंबर को होगा। तीन दिवसीय इस कथा का समय शाम 3 बजे से 6 बजे तक का रखा गया है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से इस धार्मिक आयोजन में भाग लेने की अपील की।

## भुना, टोहाना और जाखल खंड में स्कूलों में तीन दिन का अवकाश घोषित

# भूना में बरसात ने बढ़ाई मुश्किलें खेतों का पानी शहर की ओर बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

मंगलवार को हुई छह घंटे की मूसलधार बारिश ने शहर की हालात को पूरी तरह बिगाड़ दिया। पहले से जलमग्न कॉलोनियों और बाजारों में पानी का स्तर और बढ़ गया है। वहीं टोहाना रोड और ढाणी सांचला रोड की ओर से खेतों का पानी भी लगातार शहर की ओर बह रहा है, जिससे जलभराव की स्थिति और गंभीर हो गई है।

> नगर पालिका और जन स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दिन-रात संभाला मोर्चा

शहर में बनी जलनिकासी की व्यवस्थाएं इस बारिश में पूरी तरह फेल नजर आईं। जिन क्षेत्रों से पहले प्रशासन ने पानी की निकासी कर दी थी, वहां दोबारा पहले से ज्यादा पानी भर गया है। नगर पालिका और जन स्वास्थ्य विभाग की टीम ने हालात को काबू में करने के लिए दिन-रात मोर्चा संभाल लिया है। जल निकासी के लिए युद्ध स्तर पर काम जारी है। भुना टोहाना और जाखल खंडो मे निजी और सरकारी स्कूलों मे तीन दिन का अवकाश घोषित किए है। जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ भागीराम वर्मा और नगर पालिका सचिव दीपक कुमार ने बताया कि बारिश के पानी को सीवरेज लाइन के माध्यम से बाहर निकालने के प्रयास दो दिनों से लगातार जारी हैं। इसके लिए 15 ट्रैक्टर वर्मा चलित पंप लगाए गए हैं, जो अलग-अलग स्थानों से पानी को उठाकर सीवरेज में डाल रहे हैं। इसके अलावा हिसार रोड और कुला रोड पर चार ट्रैक्टर पंपों की मदद से पानी को उठाकर नजदीकी माइनर में डाला जा रहा है।



भूना। सड़क पर जमा पानी।

### सड़कों से पानी को सीवरेज में डाला जा रहा

दो 30-30 हॉर्स पावर की दो इलेक्ट्रिकल मोटर भी अस्थायी रूप से लगाई गई हैं, जो एचडीपीई पाइप के माध्यम से जलभराव वाले क्षेत्रों से पानी उठाकर सीवरेज में डाल रही हैं। वहीं हिसार रोड पर अस्थायी ड्रेन की खुदाई का कार्य पूरा हो चुका है और सोमवार रात से ही वहां से पानी निकासी शुरू कर दी गई थी। नगर पालिका के चेयरमैन प्रतिनिधि पंकज पसरीजा, वाइस चेयरमैन नरेंद्र बागड़ी और पार्षद रोहताश गोयल, सुशील सोनी, बजरंग शर्मा, बलजीत सोनी, प्रकाश जांगड़ा, संजीव छोकरा, मुकेश भुक्कल, प्रकाश कुमार, राहुल दहिया समेत कई जन प्रतिनिधि और कर्मचारी दिन-रात राहत कार्यों में जुटे हुए हैं।



सिरसा। गांव रूपाणा खुर्द के स्कूल की गिरी छत। फोटो: हरिभूमि

### रूपाणा खुर्द में स्कूल की छत गिरी

**सिरसा।** चौपटा क्षेत्र के गांव रूपाणा खुर्द में राजकीय स्कूल में बने एक कमरे की छत गिर गई है। हालांकि इससे जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। गांव के सरपंच प्रतिनिधि सुभाष बैनीवाल ने मंगलवार को बताया कि लगातार हुई बरसात के कारण स्कूल में बने एक कमरे की छत गिर गई। इस कमरे को स्टोर रूम बनाया हुआ था। भारी बरसात के कारण अचानक सोमवार रात्रि को छत भरभरा कर गिर गई। मलबे के नीचे सामान दब गया है। उन्होंने बताया कि कमरे की छत रात्रि के समय गिरी जिस कारण जानी नुकसान होने से बचाव हो गया। इसके अलावा बरसात के कारण सिरसा शहर में श्री गौशाला की दीवार गिर गई है, जिसके कारण मैन रोड का सारा पानी गौशाला के अंदर घुस गया और गौशाला संचालकों को गोवंश को व्यवस्थित करना मुश्किल हो गया है। गौशाला के महासचिव प्रेम कंदोई ने बताया कि गौशाला रोड से काफी नीचे है और गौशाला का पानी बाहर नहीं निकलता है। इसके अलावा बाहर का पानी भी गौशाला के अंदर घुस गया जिस कारण गौवंश हेतु बने शेड व खाली जगहों पर जगह-जगह जल भराव हो गया है। इसके कारण गौशाला की दीवारें गिर गई है। करीब 20 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।



फतेहाबाद। बाढ़ की आशंका के चलते पुलिस कर्मचारियों को निर्देश देते अधिकारी।

# बाढ़ की आशंका को देखते हुए पुलिस अलर्ट मोड में

- तीन डीएसपी सहित, 350 पुलिसकर्मी तैनात,
- एक कॉल पर आपकी सुरक्षा सुनिश्चित : एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद।

जिले में लगातार हो रही मूसलधार बारिश और घग्घर नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए फतेहाबाद पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। ऐसे हालात में पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन को आश्वस्त करते हुए कहा है कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है फतेहाबाद पुलिस हर कदम पर आपके साथ है चौकस, तत्पर और तैनात। एसपी सिद्धांत जैन ने बताया कि जिले में तीन डीएसपी टोहाना के उमेद सिंह, रतिया के नरसिंह और फतेहाबाद के जगदीश कुमार की निगरानी में कुल 350 पुलिसकर्मियों को रणनीतिक रूप से तैनात किया गया है। ये सभी अधिकारी संभावित बाढ़ प्रभावित इलाकों में लगातार पेट्रोलिंग कर रहे हैं और हर पल की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। जिले के सभी पुलिस थानों को हाई अलर्ट पर रखा गया है, वहीं संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए रेस्क्यू टीमें पूरी तरह से मुस्तैद हैं। जिला कंट्रोल रूम से हालात की 24 घंटे निगरानी की जा रही है।

### चत्तरगढ़पट्टी में बारिश से घर की छत ढही



**सिरसा।** लगातार बारिश की वजह से वार्ड नंबर-31 चत्तरगढ़पट्टी में एक घर की कच्ची छत भरभरा गई। दीवारों पर दरार आ गई। जिससे घर का सामान भी खराब हो गया। पीड़ित मकान मालिक वृद्ध फूल सिंह पुत्र मुंशीराम ने बताया कि वह दिहाड़ी मजदूरी करके अपना जीवनयापन करता है। उसने बताया कि घर की छत कच्ची है। लगातार बारिश की वजह से छत फट गई और बारिश का पानी घर में आ गया।

# डीएमसी ने शहर में सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण, बच्चों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

> टीमों को सतर्क रहकर कार्य करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

डीएमसी संजय बिश्नोई व ईओ राजेंद्र सोनी ने मंगलवार को शहर के सन्यास आश्रम रोड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएमसी ने सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए टीमों को सतर्क रहकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर परिषद की टीमें नियमित सफाई सुनिश्चित करें ताकि बरसात के मौसम में जलभराव या गंदगी जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े। इसके बाद डीएमसी संजय बिश्नोई ने गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल, फतेहाबाद का दौरा किया। इस दौरान उन्होनें विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छता की शपथ दिलाई।



फतेहाबाद। राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को संबोधित करते डीएमसी संजय बिश्नोई। फोटो: हरिभूमि

### लोगों को करें प्रेरित

डीएमसी ने कहा कि स्वच्छ शहर तभी संभव है जब प्रशासन और आमजन मिलकर जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने नगर परिषद की टीम को निर्देश दिए कि वे सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएं और लोगों को भी इसमें सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करें। निरीक्षण के समय स्वच्छ भारत मिशन के इंचार्ज कुमार सौरभ, पार्षद किरण नारंग व मनोज नारंग भी मौके पर मौजूद रहे।

# चांदपुरा-सिधानी-साधनवास में धारा 163 लागू

- सरकारी अनुमति के बिना जुलूस, रैली, धरना, प्रदर्शन, सभा आदि पर रहेगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭टोहाना

कानून व्यवस्था और शांति बनाए रखने के उद्देश्य से टोहाना उपमंडल के अंतर्गत आने वाले गांव चांदपुरा, साधनवास और सिधानी के राजस्व क्षेत्र में भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 लागू कर दी गई है। इस संबंध में उपमंडलाधीश आकाश शर्मा ने आदेश जारी किए हैं। ये आदेश 15 सितंबर तक लागू रहेंगे। जारी आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई व्यक्ति इन आदेशों की अवहेलना करता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जारी आदेशों में कहा गया है कि इस क्षेत्र में पाँच या पाँच से अधिक व्यक्तियों का सार्वजनिक स्थान पर बिना अनुमति के एकत्रित होना निषेध है।



एसडीएम आकाश शर्मा।

### लोगों से अपील

किसी भी प्रकार के जुलूस, रैली, धरना, प्रदर्शन सार्वजनिक सभा की बिना प्रशासनिक अनुमति के प्रतिबंध रहेगा। किसी भी प्रकार के भारी वाहन जैसे जेसीबी मशीने, ट्रेक्ट्रर-ट्रॉली का आवागमन वर्जित रहेगा। केवल सरकारी वाहन या उपमंडल प्रशासन द्वारा अधिकृत वाहनों को अनुमति होगी। उपमंडलाधीश ने लोगों से अपील की है कि वे शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी प्रकार की गतिविधि से बचें जो सार्वजनिक व्यवस्था को प्रभावित करती हो।

# ठेकेदार पर 1.40 करोड़ का जुर्माना

- निर्माण कार्य रोकने पर विभाग ने जारी किया पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭टोहाना

टोहाना में पंचायत भवन, खंड कार्यालय और रिहायशी भवन का निर्माण कार्य बीच में रोकने पर सरकार ने ठेकेदार को 1 करोड़ 40 लाख 58 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। विभाग ने इस संबंध में पत्र जारी कर दिया है। बता दें कि पूर्व पंचायत एवं विकास मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने इस प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया था। शुरुआत में ठेकेदार ने जेई अजय सैनी की देखरेख में तेजी से काम किया, लेकिन 2024 विधानसभा चुनाव में बबली की हार के बाद निर्माण की गति धीमी पड़ गई। पिछले चार महीने से काम पूरी तरह बंद था। विभाग ने दो सदस्यीय कमेटी बनाकर जांच कराई। कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर ठेकेदार पर जुर्माना लगाया गया है।



# फीस बढ़ोतरी को लेकर विद्यार्थियों ने जताया रोष

- फैसला वापस नहीं लेने पर आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा द्वारा मर्सी चांस-2025 परीक्षा फीस में बढ़ोतरी को लेकर विद्यार्थियों ने मंगलवार को रोष जाहिर किया और रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौंपा। विद्यार्थियों ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 25 अगस्त 2025 को जारी नोटिफिकेशन में विद्यार्थियों के लिए सितंबर 2025 मर्सी चांस की फीस 8000 रुपये निर्धारित कर दी गई, जबकि पूर्व वर्षों (सितंबर 2023 व सितंबर 2024) में यही फीस मात्र 750 रुपये हुआ करती थी। छात्र नेता सतबीर कुमार ने बताया कि विवि में पढ़ने वाले अधिकांश विद्यार्थी ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं। इनमें से ड़ी संख्या एससी/एसटी व बीसी वर्ग से संबंधित छात्रों की है, जो कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं पर अपनी पढ़ाई पूरी करते हैं। ऐसे विद्यार्थियों के लिए अचानक फीस में बढ़ोतरी करना बहुत बड़ा आर्थिक बोझ है।



सिरसा। ज्ञापन सौंपने पहुंचे विद्यार्थी।

### प्रशासन से मांग

विद्यार्थियों ने कहा कि 2023 और 2024 में मर्सी चांस के लिए फीस सिर्फ 750 रुपये रखी गई थी। ऐसे में मात्र एक वर्ष में फीस को दस गुना से भी अधिक बढ़ाना बिल्कुल अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि जब नियमित फीस भरना ही मुश्किल होता है तो 8000 रुपये अतिरिक्त कहां से लाएंगे? यह फैसला हमें शिक्षा छोडने पर मजबूर कर देगा। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि समय रहते फैसला वापस नहीं लिया तो हमें मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

## पुलिस की साइबर निगरानी टीम सक्रिय, हर प्लेटफॉर्म पर रखी जा रही नजर

# सोशल मीडिया पर जहर उगलने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : पुलिस अधीक्षक

> आपराधिक तत्वों की पहचान कर आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजने की प्रक्रिया जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले में कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वालों के लिए यह स्पष्ट चेतावनी है सोशल मीडिया पर जहर उगलने वालों, समाज में जहर घोलने वालों और डिजिटल मंच का दुरुपयोग करने वालों को अब बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और ऐसे शरारती, असामाजिक और आपराधिक तत्वों की पहचान कर उन्हें सलाखों के पीछे डालने की कार्यवाही तेजी से की जा रही है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने दो टूक शब्दों में कहा कि सोशल मीडिया कोई अपराध का अड्डा नहीं बनने दिया जाएगा। फतेहाबाद पुलिस की साइबर निगरानी टीम 24 घंटे सक्रिय है और हर प्लेटफॉर्म पर नजर रख रही है, चाहे वह व्हाट्सएप हो, फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (ट्विटर), यूट्यूब या कोई अन्य माध्यम। यदि कोई भी व्यक्ति समाज में तनाव, दहशत, नफरत, अफवाह या वैमनस्य फैलाने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ आईटी एक्ट और भारतीय न्याय संहिता की संगीन धाराओं में सीधी गिरफ्तारी की जाएगी। कुछ शरारती मानसिकता वाले लोग सोशल मीडिया को खिलौना समझ बैठे हैं और मजाक, ट्रेंड या पब्लिसिटी के नाम पर भ्रामक, उकसाने वाली, धर्म, जाति या समुदाय विशेष को टारगेट करने वाली पोस्टें वायरल कर रहे हैं, पुलिस ऐसे किसी भी हरकत को सीधे आपराधिक कृत्य मानते हुए, कठोरतम कार्यवाही करेगी।

### आपत्तिजनक कंटेंट पर चुप्पी भी अपराध



एसपी सिद्धांत जैन।

पुलिस की कड़ी एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि फर्जी खबरें, एडिटेड वीडियो, नफरत भरे मैसेज शेयर करना सीधा अपराध है और पुलिस ऐसे हर अपराधी तक पहुंचेगी। फॉरवर्डेड कहकर पल्ला झाडने की कोशिश मत कीजिए, कानून आपके पीछे आएगा। सोशल मीडिया ग्रुप एडमिन अपनी जिम्मेदारी से भाग नहीं सकते, आपत्तिजनक कंटेंट पर चुप्पी भी अपराध मानी जाएगी। धार्मिक, जातीय, राजनैतिक उन्माद फैलाने वाली पोस्टों को वायरल करना देशद्रोह की श्रेणी में लाया जा सकता है। अगर किसी ने फेक आईडी, वीपीएन या छद्म नाम से अकाउंट बनाकर अपराध किया है, तो यह समझ लें पुलिस तकनीक के जरिए उसको ढूंढ़ निकालेगी। पुलिस अधीक्षक ने सख्त लहजे में कहा कि अब कोई बहाना, कोई पहचान, कोई पहुंच या कोई रसूख अपराधियों को कानून के शिकंजे से नहीं बचा सकेगा। चाहे वह छात्र हो या प्रोफेशनल, नेता हो या सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कानून सबके लिए समान है।



सिरसा। पकड़े गए अफीम तस्कर।

### रेलवे स्टेशन से दो अफीम तस्कर गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने सिरसा के रेलवे स्टेशन से मंगलवार को दो अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक किलोग्राम अफीम व 50 हजार रुपये की नकदी भी बरामद की है। पकड़े गए तस्करों की पहचान मंदीप सिंह पुत्र हमीर सिंह जिला बठिंडा, पंजाब व मुकेश उर्फ भुरु पुत्र रामबाबू निवासी जिला कोटा राजस्थान के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि मुकेश राजस्थान के रामगंज मंडी से अफीम लेकर सिरसा पहुंचा था और उसने रेलवे स्टेशन पर ही यह नशा मंदीप सिंह को सौंपा। बदले में उसे पचास हजार रुपये मिले। पुलिस की तत्परता और सतर्कता से यह पूरा सौदा मौके पर ही विफल कर दिया गया और दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इसके अलावा पुलिस ने जिले के गांव अबूबशहर क्षेत्र से दो चूरापोस्त तस्करों को गिरफ्तार किया है।



# लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचीं शिल्पा शेट्टी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी हर साल अपने घर पर गणेशोत्सव धूमधाम से मनाती रही हैं। लेकिन, इस बार परिवार में करीबी के निधन के शोक के कारण उन्होंने अपने घर पर गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित नहीं की। इसके बावजूद मंगलवार को शिल्पा मुंबई के फेमस लालबागचा राजा पंडाल पहुंचीं और बप्पा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। शिल्पा इस दौरान अपनी करीबी दोस्त आकांक्षा मल्होत्रा के साथ नजर आईं। पंडाल में मौजूद भारी भीड़ के बीच दोनों ने श्रद्धापूर्वक गणपति की आराधना की। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और तस्वीरों में शिल्पा शेट्टी पारंपरिक लुक में दिखीं।



लाइफ Style

# कृति

## मेल एक्टर्स को मिलती हैं बेहतर कार-कमरे

कृति सेनन ने बताया कि कैसे फिल्म इंडस्ट्री में फीमेल एक्टर्स की तुलना पर मेल एक्टर्स को बेहतर कमरे और गाड़ियां मिलती हैं। वहीं, एक्ट्रेसेस को सेट पर हीरो से पहले बुला दिया जाता है। बॉलीवुड में कई बार हीरो और हिरोइन को लेकर दी जाती फीस पर डिस्कशन होता रहता है।

एजेंसी ⏭ मुंबई


कई एक्ट्रेसेस का कहना है कि हीरो को उनसे ज्यादा फीस दी जाती है और आज भी ऐसा होता है। अब कृति सेनन ने इस मुद्दे पर बात की और कहा कि कई बार ऐसा हुआ है कि हीरो को बेहतर कार या बेहतर कमरा मिला है। कृति ने यह भी बताया कि कैसे उनकी मां ने उन्हें खुलकर सपना देखने और उसे पूरा करने के लिए मोटिवेट किया है। कृति ने कहा कि उनके पैरेंट्स दोनों काम करते थे और घर की जिम्मेदारियों को बराबरी से डिवाइड किया था। इसी वजह से कृति और नुपुर को कभी उनके जेंडर को लेकर रेस्ट्रिक्टेड नहीं हुआ। कृति ने बताया कि जबकि उनकी मां केवल उनके पढ़ने के हक के लिए लड़ सकीं और उन्होंने अपने हॉबीज को त्याग दिया था। लेकिन, उन्होंने हमेशा कृति को स्वतंत्र रूप से सपने देखने और जो वह चाहती थी उसे करने के लिए मोटिवेट किया है। कृति ने माना कि कई बार उन्हें मेल एक्टर्स के साथ कम्पैरिजन में कम महसूस होता है। वह बोलीं, 'ऐसा कई बार नहीं हुआ, लेकिन छोटी-छोटी चीजें जैसे मेल एक्टर्स को बेहतर कार और बेहर कमरा मिलता है। यहां बात सिर्फ गाड़ी की नहीं, बल्कि मुझे छोटा महसूस करवाने की है, क्योंकि मैं एक महिला हूं। बस इसे इक्वल करना है।'

हॉलीवुड मसाला



# डांस विद... से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड ने एक बार फिर अपने दिग्गज सितारे को खो दिया है। मशहूर कनाडाई मूल के अभिनेता ग्राहम ग्रीन का 73 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले उन्होंने कई छोटे-मोटे काम किए। थियेटर से शुरुआत करने के बाद 1979 में उन्होंने टीवी शो द ग्रेट डिटेक्टिव से डेब्यू किया। 1983 में आई फिल्म रनिंग ब्रेव से उन्होंने बड़े पर्दे पर कदम रखा। ग्रीन के कॅरियर को असली मुकाम 1990 में मिला, जब उन्होंने केविन कॉस्टनर की फिल्म डांस विद वोल्वस में किकिंग बर्ड का किरदार निभाया।



# केल्सी बेटमैन रॉक ऑफ लव से हुई थीं चर्चित

**लॉस एंजिल्स।** ब्रेट माइकल्स के रियलिटी शो रॉक ऑफ लव की कंटेस्टेंट रहीं केल्सी बेटमैन का 39 वर्ष की आयु में निधन हो गया। केल्सी बेटमैन ने साल 2009 में प्रसारिती हुए ब्रेट माइकल्स के रियलिटी शो रॉक ऑफ लव के तीसरे और आखिरी सीजन में भाग लिया था। इस शो में माइकल्स की प्रेमिका बनने के लिए 23 महिलाओं के बीच भिड़ंत थी, जिसमें एक प्रतियोगी के रूप में केल्सी बेटमैन भी शामिल थीं। उस समय, वह 21 वर्ष की थीं और शो की सबसे कम उम्र की प्रतिभागियों में से एक थीं। बेटमैन उस शो में शीर्ष 10 तक पहुंच गई थीं, लेकिन सातवें एपिसोड में वो बाहर हो गई थीं। आपको बताते चलें कि शो के फाइनल में, ब्रेट माइकल्स ने ताया पार्कर को अपनी प्रेमिका के रूप में चुन लिया था। हालांकि, रॉक ऑफ लव के प्रशंसक केल्सी को शो के अंतिम सीजन के हिस्से के रूप में याद करते हैं।



# ये मेरा हुस्न गाने में हरनाज का जलवा

**मुंबई।** 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही बागी 4 के निर्माताओं ने मंगलवार को इस फिल्म का एक नया गाना 'ये मेरा हुस्न' रिलीज किया है, जिसमें हरनाज कौर संधू का किलर डांस फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। साजिद नाडियाडवाला और टाइगर श्रॉफ की एक्शन फिल्म के इस गाने में हरनाज कौर संधू ने अपने हॉट मूव्स से धमाल मचा दिया है। सुनहरी रेत और समुद्र की लहरों में फिल्माए गए इस गाने में हरनाज ने बॉस्को मार्टिस की शानदार कोरियोग्राफी पर धमाकेदार परफॉर्मेंस दी है। गाने को शिल्पा राव की मखमली आवाज, तनिष्क बागची के संगीत और समीर अंजान के बोलों ने और भी आकर्षक बनाया है। इस गाने में संजय दत्त और टाइगर श्रॉफ भी अपने दमदार अंदाज में नजर आए, जिससे दर्शकों का उत्साह और बढ़ गया है।



# सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज का प्रीमियर

**मुंबई।** अनुपर्णा रॉय के निर्देशन में बनी डेब्यू फीचर फिल्म 'सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज' का 82वें वेनिस अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में हाउसफुल प्रीमियर हुआ। यह एकमात्र भारतीय फिल्म है, जिसका विश्व प्रीमियर इस प्रतिष्ठित फिल्म महोत्सव में किया गया है। इस फिल्म को फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप द्वारा सहयोग प्राप्त है। फिल्म को मिली इस शानदार प्रतिक्रिया पर उन्होंने खुशी जताई है। उन्होंने कहा, 'अनुपर्णा और उनकी टीम के लिए यह देखकर बहुत अच्छा लगा, जिन्होंने आज के जमाने में एक ऐसी फिल्म बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है, जो मैं 25 साल पहले भी नहीं कर पाता। मुझे यकीन है कि इस फिल्म का दुनिया तक पहुंचने का सफर लंबा है और वह निश्चित रूप से भारत की अगली मजबूत आवाज हैं।'

टीवी मसाला



# केबीसी के ज्योतिषी कंटेस्टेंट ने बता दिया अमिताभ का भविष्य

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के आने वाले एपिसोड्स के इंट्रेस्टिंग प्रोमोज चैनल ने पोस्ट किए हैं। एक प्रोमो में दिखाया गया कि अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर बैठे कंटेस्टेंट ऐस्ट्रोलॉजी के स्टूडेंट निकलते हैं। बिग बी उनसे अपने बारे में पूछते हैं और यह जानकर हैरान हो जाते हैं कि आदित्य ने उनकी कुंडली देख रखी है, जो कि इंटरनेट पर मौजूद है। अमिताभ बच्चन आदित्य की एजुकेशन देखकर इम्प्रेस हो जाते हैं। वह बोलते हैं, 'मान्यवर इतनी शिक्षा आप प्राप्त कर रहे हैं तो यहां क्या कर रहे हैं?' बिग बी आदित्य की डिग्रियां गिन रहे होते हैं तभी पता चलता है कि वह वैदिक ऐस्ट्रोलॉजी भी पढ़े हैं। ऐस्ट्रोलॉजी सुनते ही अमिताभ बच्चन मुस्कुराते हैं। फिर बोलते हैं, 'तो आप बता सकेंगे कि क्या हो रहा है देश में। सर हमारे बारे में कुछ बताएंगे? भविष्य में हमारा कुछ ठीक-ठाक चलेगा?' आदित्य जवाब देते हैं, बहुत बढ़िया सर। इस पर अमिताभ बच्चन पूछते हैं कि आपको कैसे पता कि हमारा सब ठीक-ठाक होगा। इस पर आदित्य बताते हैं, 'सर जब हम पढ़ते हैं ना तो हमको कुछ सैंपल चार्ट्स मिलते हैं जिनको हम स्टडी करते हैं।' अमिताभ बच्चन पूछते हैं, कौन सा चार्ट तो आदित्य बताते हैं, जन्मकुंडली। अमिताभ बच्चन हैरान होकर बोलते हैं, हमारी जन्मकुंडली आपको कैसे मिल गई? आदित्य बताते हैं, 'सर इंटरनेट पर अवेलेबल है।' अमिताभ बच्चन चौंककर बोलते हैं, क्या बात कर रहे हैं? एक और प्रोमो में दिखाया जाता है कि आदित्य अमिताभ बच्चन को बताते हैं कि वह उनकी ड्रेसिंग सेंस के फैन हैं। उन्होंने कई जगह बिग बी को कॉपी किया है। उनकी तस्वीरें भी दिखाई जाती हैं, जब वह अमिताभ बच्चन जैसे कपड़े पहने हैं। इन्हें देखकर बिग बी बोलते हैं कि बस चश्मा अलग है। वहीं, यह भी बताते हैं कि उनके तो कपड़े खुद के नहीं होते, बल्कि सरकारी यानी प्रोडक्शन हाउस की तरफ से मिलते हैं।

## मृदुल ने कुनिका को दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली।** रियलिटी टीवी शो 'बिग बॉस 19' में एंट्री के बाद से ही कुनिका सदानंद काफी डॉमिनेटिंग अंदाज में सामने आई हैं। ताजा प्रोमो वीडियो में मृदुल तिवारी कुनिका को ऐसा जवाब देते नजर आ रहे हैं जिस पर जोरदार तालियां बजीं। उधर, बिग बॉस ने घर का एक बिलकुल नया हिस्सा खोल दिया है जिसका सीधा असर एविक्शन पर पड़ेगा। दरअसल, जब बिग बॉस ने किसी एक खिलाड़ी को घर से बाहर करने के लिए नॉमिनेशन प्रक्रिया शुरू करवाई तो जहां नेहल ने अभिषेक और बजाज को निशाना बनाया और कहा कि उनका दिमाग बहुत बच्चों वाला है तो वहीं कुनिका सदानंद ने मृदुल को नॉमिनेशन प्रक्रिया के दौरान मृदुल को 'बिन पेंदी का लोटा' कह दिया। इस पर मृदुल ने फौरन जवाब दिया- क्योंकि आपके साथ नहीं लुढ़क रहा? इस पर कुनिका ने पलटवार किया और कहा- जहां मैजोरिटी देखते हो चले जाते हो।



# अमेरिका में पायर का डंका तीन बड़े शहरों में होगा प्रीमियर

**मुंबई।** विनोद कापड़ी निर्देशित फिल्म पायर कई विदेशी फिल्म फेस्टिवल में उपस्थिति दर्ज करा चुकी है। इस फिल्म का वर्ल्ड टूर जारी है। कई देशों में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का अवॉर्ड जीतने के बाद भारतीय फिल्म 'पायर का सितंबर में अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी, बॉस्टन और शिकागो में प्रीमियर होगा। अमेरिका के प्रतिष्ठित वॉशिंगटन डीसी साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल का समापन 7 सितंबर को राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मकार विनोद कापड़ी के निर्देशन में बनी फिल्म पायर के प्रदर्शन के साथ होगा।



***फिल्म के नाम दर्ज हुई यह उपलब्धि :*** इसके बाद 14 सितंबर को आठवें इंडिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ बोस्टन की समापन फिल्म के तौर पर भी पायर का चयन किया गया है। फिर अमेरिका के लोकप्रिय 16वें शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में 21 सितंबर को इस फिल्म को दिखाया जाएगा। पायर पहली भारतीय फिल्म है, जो एक महीने के अंदर अमेरिका के तीन बड़े शहरों के फिल्म फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित हो रही है।

***फिल्म को मिल चुके हैं कई अवॉर्ड :*** जुलाई में पायर ने जर्मनी के स्टटगार्ट में आयोजित 2025 के भारतीय फिल्म महोत्सव में बैंड जूरी सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार जर्मन स्टार ऑफ इंडिया अवॉर्ड जीता था। फिल्म ने स्पेन और ब्रिटेन में भी चार सर्वश्रेष्ठ फिल्म के अवॉर्ड जीते थे। सिर्फ एक महीने में पायर को पांच अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिले। इनमें तीन सर्वश्रेष्ठ फिल्म ऑडियंस अवॉर्ड शामिल हैं।

# शिकागो फिल्म फेस्टिवल में बन टिक्की और साली मोहब्बत को मिली जगह

**मुंबई।** फैशन की दुनिया से फिल्मों के गलियारों तक अपनी अलग पहचान बना चुके मनीष मल्होत्रा की फिल्में इन दिनों चर्चाओं में हैं। मशहूर डिजाइनर से फिल्म प्रोड्यूसर बने मल्होत्रा की दो फिल्में- साली मोहब्बत और बन टिक्की को शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल 2025 में आधिकारिक रूप से चुना गया है। यह किसी भी प्रोड्यूसर के लिए बड़ा सम्मान है और मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर इस सफलता को साझा करते हुए इसे गर्व का पल बताया।





***साली मोहब्बत से होगी फेस्टिवल की शुरुआत :*** इस बार फेस्टिवल का आगाज साली मोहब्बत से होगा। अभिनेत्री तिस्का चोपड़ा ने पहली बार निर्देशन की कमान संभालते हुए इस फिल्म को बना रही हैं। फिल्म घरेलू हिंसा, भावनात्मक विश्वासघात और स्त्री की आवाज को दोबारा पाने के संघर्ष की कहानी बयां करती है। ग्रामीण और शहरी जीवन के बीच की धुंधली रेखाओं पर खड़ी एक महिला का संघर्ष इस फिल्म की रीढ़ है। फिल्म का निर्माण ज्योति देशपांडे, दिनेश मल्होत्रा और मनीष मल्होत्रा ने किया है। कलाकारों की बात करें तो इसमें राधिका आप्टे, दिव्येंदु, शरत सक्सेना, अंशुमान पुष्कर, सौरसेनी मैत्रा और फिल्मकार अनुराग कश्यप भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस दमदार स्टारकास्ट के साथ फेस्टिवल की ओपनिंग फिल्म के तौर पर 'साली मोहब्बत' का चयन, मनीष मल्होत्रा के प्रोडक्शन करियर के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

### बन टिक्की में नजर आएंगी दिग्गज अभिनेत्रियां

फेस्टिवल में दिखाई जाने वाली दूसरी फिल्म है बन टिक्की। यह फिल्म एक कमिंग-ऑफ-एज स्टोरी है जो परिवार, रिश्तों, प्रेम और पहचान जैसे संवेदनशील विषयों पर केंद्रित है। निर्देशक फराज आरिफ अंसारी की इस फिल्म में सिनेमा जगत की दिग्गज अदाकाराएं शबाना आजमी और जीनत अमान लंबे समय बाद साथ नजर आएंगी। इनके साथ अभय देओल, नुश्रत भरुचा और नए कलाकार रोहान सिंह भी महत्वपूर्ण किरदार निभाते दिखेंगे। बन टिक्की का वर्ल्ड प्रीमियर इसी साल जनवरी में पाम स्प्रिंग्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में हो चुका है और अब शिकागो में इसकी स्क्रीनिंग से फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी पहचान मिलने की उम्मीद है।

### गुस्ताख इश्क से करेंगे डेब्यू

ध्यान देने वाली बात यह भी है कि मनीष मल्होत्रा ने बतौर प्रोड्यूसर अपनी यात्रा की शुरुआत फिल्म 'गुस्ताख इश्क- कुछ पहले जैसा' से कर रहे हैं। विजय वर्मा और फातिमा सना शेख अभिनीत यह फिल्म इसी साल नवंबर में सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

## शुरुआती सफर था संघर्ष भरा, एक ही हसीना संग दी 29 सुपरहिट

# ये है देश का पहला महानायक, जिसके नाम पर है बड़ा मेट्रो स्टेशन

*नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन को आज बॉलीवुड का महानायक, सदी का पहला सुपरस्टार कहा जाता है। बिग बी ने दशकों लंबे कॅरियर के दौरान कई सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। अमिताभ के फिल्मों में कदम रखने से सालों पहले एक सुपरस्टार ऐसा था जिसे सबसे पहले महानायक का उपनाम मिला था। ये अभिनेता बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार कहलाते हैं। इनका प्रभाव और स्टारडम ऐसा था कि उनके नाम पर मेट्रो स्टेशन भी है। आज यहां जिस सुपरस्टार की बात कर रहे हैं वो महानायक उत्तम कुमार हैं। 3 सितंबर को महानायक उत्तम कुमार की बर्थ एनिवर्सरी है। उनका जन्म 1926 में कोलकाता के साधारण से परिवार में हुआ था। कला और अभिनय के प्रति उनका बचपन से ही रुझान था। वो बंगाली परिवार में जन्मे थे जहां उन्हें बचपन से ही ऐसा माहौल मिला कि उनकी आर्ट और थिएटर के प्रति दिलचस्पी उतपन्न होने लगी थी।*

### सपनों के लिए कुर्बान कर दी थी नौकरी

महानायक घर चलाने के लिए क्लर्क की नौकरी करते थे, लेकिन उन्होंने अभिनय के प्रति अपने झुकाव को कभी खत्म नहीं होने दिया। एक्टिंग के प्रति उनका कुछ ऐसा जुनून था कि वो दिन में क्लर्क की नौकरी और शाम को थिएटर्स किया करता था। अपनी जुनूनियत के चलते एक्टर ने एक दिन सबकुछ ताक पर रखते हुए फिल्मों की दुनिया में कदम रखा, लेकिन उनकी शुरुआत आसान नहीं थी। आज हिंदी और बंगाली सिनेमा के धरोहर माने जाने वाले उत्तम कुमार को एक समय पर फ्लॉप कलाकार कहा जाता था।



### हिंदी और बंगाली सिनेमा में अतुल्नीय योगदान

महानायक उत्तम कुमार ने हिंदी फिल्मों के साथ ही बंगाली सिनेमा में भी अतुल्नीय योगदान दिया था। सिनेमा और कला के प्रति उनके योगदान को सम्मानित करते हुए कोलकाता में उनके नाम का मेट्रो स्टेशन है। टॉलीगंज मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर महानायक उत्तम कुमार रखा गया है।

### मिला फ्लॉप जनरल मास्टर का टैग

उन्होंने लगातार एक के बाद एक इतनी फ्लॉप फिल्में दी कि उनका दूसरा नाम ही 'फ्लॉप जनरल मास्टर' पड़ गया था। कमर्शियल सक्सेस ही इस जिल्लत से छुटकारा पाने का उत्तम कुमार के पास इकलौता रास्ता था। लगातार सात फ्लॉप फिल्मों की झड़ी लगाने के बाद उत्तम कुमार ने दमदार वापसी की। उनकी किस्मत का सिक्का ऐसा पलटा कि फ्लॉप स्टार उत्तम साहब ने एक के बाद एक 10 सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्मों के साथ आलोचकों की बोलती बंद करा दी।

### अरुण कुमार था असली नाम

एक्टर की फिल्मों के फैन भी शायद उनके असली नाम से वाकिफ नहीं होंगे। उत्तम कुमार और महानायक के उपनाम से मशहूर अभिनेता का असली नाम अरुण कुमार चटोपाध्याय था।

### सुचित्रा सेन का साथ मिलते ही चमक उठी थी किस्मत

1952 में आई फिल्म 'बासु परिवार' उत्तम कुमार के कॅरियर की पहली हिट थी। इस बंगाली फिल्म से उन्होंने पहली बार सफलता का स्वाद चखा था। लेकिन, उनको असल पहचान साल 1953 में आई फिल्म शेरी चुआटोर से मिली। वो एक्ट्रेस सुचित्रा सेन को अपनी किस्मत की चाबी मानते थे। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में इस बात का जिक्र भी किया था कि अगर सुचित्रा सेन से उनकी मुलाकात नहीं होती, तो शायद वो कभी महानायक नहीं बन पाते। एक्टर ने सुचित्रा सेन के साथ 30 फिल्मों में स्क्रीन शेयर किया था, जिनमें से 29 फिल्में हिट रही थीं।

## खबर संक्षेप

### 8 को आयोजित होंगे कानूनी साक्षरता कार्यक्रम

**फतेहाबाद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण, पंचकूला के सदस्य सचिव व जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल के दिशा निर्देश अनुसार जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर 8 सितंबर को जिला के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में विशेष कानूनी साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### कड़वासरा बने एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के चेयरमैन

**सिरसा।** एचएसईबी वर्कर्स यूनियन यूनिट डबवाली के त्रिवार्षिक चुनाव मंगलवार को सर्वसम्मति से संपन्न हुए। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में सुरेश कड़वासरा को चेयरमैन चुना गया है। इसी प्रकार प्रधान सुनील मोटन को बनाया गया है वहीं वरिष्ठ उपप्रधान मनोज शर्मा, उपप्रधान श्रीराम पटेल, सचिव लखवीर सिंह, सहसचिव हिमांशु जग्गा सहित सभी पदाधिकारियों को सर्वसम्मति से चुना गया।

### मनरेगा मेटो ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**ओढां।** खंड ओढ़ा में कार्यरत मनरेगा के मेटो ने अपनी मांगों को लेकर खंड एवं विकास पंचायत अधिकारी ओढ़ा के नाम मनरेगा अधिकारी को ज्ञापन दिया है। मंगलवार को खंड कार्यालय में मेट प्रधान मनीराम रानियां, कुलदीप सिंह व केवल सिंह के नेतृत्व में करीब 25 मनरेगा मेटो ने अपने मांग पत्र में कहा कि भूमि सुधार के तहत सभी सरकारी कार्य, शमशान घाट आदि कार्य करवाए जाए।

### दो दिवसीय 'टेलेंट हंट' का किया आयोजन

**फतेहाबाद।** गांव बहबलपुर स्थित मुख्त्यार सिंह मैमोरियल पी. जी. कॉलेज बहबलपुर में दो दिवसीय टेलेंट हंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन छात्र-छात्राओं ने पेंटिंग, मेहंदी, रंगोली व पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में भाग लिया तो दूसरी और भाषण, कविता पाठ, पगड़ी बांधना, मोनो एक्टिंग, पी.पी.टी व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं भी करवाई गई । कार्यक्रम के दूसरे दिन एकल व समूह नृत्य, फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी, संगीत तथा पंजाबी हरियाणवी, गुजराती व पहाड़ी पोशाक प्रतियोगिताएं करवाई गई।

### मातृत्व मृत्यु रोकथाम को लेकर बैठक आयोजित

**सिरसा।** जिला में मातृत्व मृत्यु रोकथाम को लेकर मंगलवार को अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अप्रैल से अगस्त 2025 की समयावधि में मातृ मृत्यु की रिपोर्ट समीक्षा के लिए रखी गई। बैठक में एक-एक केस का विश्लेषण हुआ और मृत्यु के कारणों पर चर्चा की गई। एडीसी ने कहा कि स्वास्थ्य से जुड़े सभी संस्थानों में संक्रमण नियंत्रण, गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान और निगरानी के साथ एनीमिया की रोकथाम पर विशेष ध्यान देना होगा।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन

**सिरसा।** पंजाब नेशनल बैंक मंडल सिरसा द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंडल प्रमुख राजीव कुमार ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि मानसिक सशक्तिकरण, अनुशासन और सकारात्मक सोच का भी आधार हैं।

### 'हर घर हर गृहिणी' के लाभार्थी करवाएं ई-केवाईसी

**सिरसा।** अंत्योदय परिवारों को सब्सिडाइज्ड गैस सिलेंडर मुहैया करवाने हेतु योजना हर घर हर गृहिणी के सभी लाभार्थियों को शीघ्र बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण (ई-केवाईसी) पूरा करना अनिवार्य किया गया है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक मुकेश कुमार ने सभी लाभार्थियों से कहा है कि वे स्व-प्रमाणीकरण संबंधित तेल-गैस विपणन कंपनियों के मोबाइल एप्प से ई-केवाईसी करवा सकता है।

---

*नपा सचिव दीपक कुमार ने ट्रैक्टरों की मदद से निकाला पानी*

# भूना में जलभराव का स्थायी कारण जोहड़ों पर कब्जा, सिस्टम की चुप्पी

*82 एकड़ में फैली जोहड़ों की जमीन पर होते रहे अवैध निर्माण, वोट बैंक की राजनीति और 'अपने लोग' होने का फायदा उठाकर कब्जे धीरे-धीरे वैध रूप ले बैठे*

दलबीर सिंह ▶▶ भूना

शहर में हर साल बारिश के बाद जलभराव कोई नई बात नहीं है, लेकिन इसका एक स्थायी और गंभीर कारण है। शहर के पारंपरिक जोहड़ों पर लगातार हो रहा कब्जा। 82 एकड़ में फैली जोहड़ों की जमीन पर वर्षों से अवैध निर्माण होते रहे हैं और जिम्मेदार प्रशासनिक तंत्र मूकदर्शक बना रहा। हिसार रोड पर जनता धर्मशाला के पीछे कभी एक विशाल तालाब हुआ करता था, जिसमें पूरे इलाके का गंदा पानी एकत्र हो जाता था। लेकिन बीते तीन दशकों में इस तालाब की भूमि पर धीरे-धीरे रिहायशी मकान और दुकानें खड़ी हो गईं। आज यह क्षेत्र शहीद भगत सिंह मार्केट, पुराने डाकखाने से लेकर कन्या स्कूल और गुरु जंभेश्वर मंदिर के पीछे तक पूरी तरह से आबाद हो चुका है।

स्थानीय लोगो के मुताबिक, इस क्षेत्र में अब तक 80 से अधिक दुकानें और 200 से ज्यादा मकान खड़े हो चुके हैं। बावजूद इसके, न तो नगर पालिका ने कोई सख्त कार्रवाई की और न ही अतिक्रमण रोकने वाले अधिकारी कुछ बोले। वोट बैंक की राजनीति और 'अपने लोग' होने का फायदा उठाकर ये कब्जे धीरे-धीरे वैध रूप ले बैठे। इसी तरह बगला जोहड़, जो कभी 15 एकड़ में फैला था, अब सिमट कर महज 4 एकड़ में रह गया है। बीते कुछ वर्षों में इस क्षेत्र की 11 एकड़ भूमि पर कब्जा कर लिया गया, लेकिन न कोई नोटिस जारी हुआ और न कोई कार्रवाई।

» कब्जा करने वालों के खिलाफ न कोई नोटिस जारी हुआ और न कोई कार्रवाई हुई

» जलभराव में लोगों को अपने घर छोड़ने तक की नौबत आ जाती है

#### जलभराव की स्थिति अब आम बात

रामलीला ग्राउंड व गुरु रविदास मंदिर के पीछे भी स्थिति कुछ अलग नहीं है। एक समय यहां 27 एकड़ में जोहड़ होता था, अब मुश्किल से 4 एकड़ जमीन बची है। बाकी हिस्से पर करीब 300 मकान बन चुके हैं। नतीजा ये कि जैसे ही बारिश होती है, इन इलाकों में जलभराव आम हो जाता है। लोगों को अपने घर छोड़ने तक की नौबत आ जाती है।



### भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने भूना में किया जलभराव समस्याओं का निरीक्षण, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**फतेहाबाद।** बरसाती मौसम के चलते क्षेत्र में जलभराव की समस्याओं का निरीक्षण करने के लिए भाजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा खुद फिल्ड में उतरे। उन्होंने अधिकारियों के साथ भूना क्षेत्र में जलभराव समस्या का निरीक्षण किया तथा लोगों की समस्याएं भी सुनीं। एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी सूरत में आम जनता को परेशानी नहीं आने दी जाए। बरसाती पानी की निकासी को लेकर हर संभव प्रयास किए जाएं। उचित प्रबंधों के साथ निचले स्थानों में जमा बरसाती पानी तुरंत प्रभाव से निकाला जाए। वहीं श्री जोड़ा ने भूना में बाढ़ संबंधित क्षेत्र का भी निरीक्षण किया तथा अधिकारियों से हालात जाने। प्रवीण जोड़ा ने कहा कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। लोगों को पेनिक होने की जरूरत नहीं है। सरकार और स्थानीय प्रशासन पुरी मुस्तैदी के साथ काम कर रही है। बाढ़ प्रभावित किसान सरकार के पोर्टल पर जाकर अपना ब्यौरा दर्ज करवाएं।

#### प्रशासन का सहयोग करने की अपील

उन्होंने स्थानीय लोगों से आह्वान किया घबराने की बजाये एक दूसरे व प्रशासन का सहयोग करें। बाढ़ आपदा व जल भराव की समस्या से निपटने के लिए प्रशासन सख्ती से काम कर रहा है। इस अवसर पर मुकेश सिंगला, पूनम सिंगला, जगदीश शर्मा, कंवल चौधरी, मनजीत शर्मा, भारत भूषण गर्ग, गुलशन छाबड़ा, शिवम् श्रीवास्तव, निक्का बागड़ी, अरुण सेठी, भूना नगर पालिका के चेयरमैन प्रतिनिधि पंकज पसरीजा सहित अनेक कार्यकर्ता व अधिकारी मौजूद रहे।

---



सिरसा। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

*जिला स्तरीय खेल स्पर्धा में दिखाई प्रतिभा*

## मम्मड़खेड़ा स्कूल के विद्यार्थियों ने जीते 8 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

शहर के शहीद भगत सिंह स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में जिले भर के विभिन्न स्कूलों से आए हुए विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्कूल खेलों की इस प्रतियोगिता में रानियां खंड के अंतर्गत आने वाले राजकीय विद्यालय मम्मड़खेड़ा के विद्यार्थियों यमन, कोमल, अंजलि, दीपिका व कविता ने अंडर-11, अंडर-17 व अंडर-19 के कुल आठ इवेंट में भाग लिया। कोमल ने अंडर-17 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 400 मीटर हर्डल रेस में गोल्ड मेडल जीतकर खंड रानियां के नाम किया। अंजलि ने अंडर-19 में 400 मीटर हर्डल रेस में गोल्ड मेडल, 400 मीटर रिले रेस में गोल्ड मेडल, 100 मीटर रेस में ब्रोंज मेडल व 100 मीटर हर्डल रेस में ब्रोंज मेडल हासिल किया।

#### जीत की शुभकामनाएं दी

कविता ने अंडर-19 में 3000 मी. वॉक रेस में गोल्ड मेडल तथा दीपिका ने अंडर-19 में 1500 मीटर रेस में सिल्वर व यमन ने अंडर-11 ऊंचीकूद में सिल्वर मेडल जीतकर खंड रानियां व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मम्मड़ स्कूल का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों की इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर स्कूल प्राचार्य नीरज पाहूजा ने समस्त विद्यार्थियों व विद्यालय परिवार को जीत की शुभकामनाएं दी। प्राचार्य ने बच्चों की इस अभूतपूर्व उपलब्धि का श्रेय कोच रविंद्र बेनीवाल व विद्यार्थियों को दिया।

### हमला करने वाले तीन आरोपी दबोचे

**सिरसा।** पुलिस ने तेजधार हथियारों से चोट मारने के मामले में तीन आरोपियों सुखविंद्र, वरिंद्र व मंगतराम वासी मीरपुर सिरसा को गिरफ्तार किया है। थाना शहर प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि बीती 5 जुलाई को शिकायतकर्ता अनिल वासी मीरपुर से नेजाडेला रोड सिरसा जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में पहले से मौजूद सुखविंद्र, वरिंद्र व मंगतराम ने मिलकर अनिल पर हमला कर दिया।

---

### पर्यावरण संरक्षण व वेस्ट टू वेल्थ विषय पर केंद्रित गतिविधियों में छात्रों ने लिया भाग

**फतेहाबाद।** राजकीय महाविद्यालय, फतेहाबाद में निदेशालय, उच्चतर शिक्षा हरियाणा के सौजन्य से आयोजित पांच दिवसीय अंतर-महाविद्यालय कार्यशाला के दूसरे दिन का आयोजन बड़े उत्साह और ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। प्राचार्य डॉ. जय भगवान यादव ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुए युवाओं को इसमें सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी के पास वह सामथ्र्य और दृष्टि है जिससे समाज को शून्य अपशिष्ट सतत भविष्य की दिशा में अग्रसर किया जा सकता है। कार्यशाला के दूसरे दिन अपशिष्ट प्लास्टिक बोतलों से उपयोगी एवं रचनात्मक वस्तुएं बनाना विषय की गतिविधि के माध्यम से प्रतिभागियों को यह सिखाया गया कि किस प्रकार हम अपने दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली प्लास्टिक की वस्तुओं को रचनात्मकता और नवाचार के साथ पुनः उपयोग में ला सकते हैं। कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षिका ललिता और सीमा ने विद्यार्थियों को प्लास्टिक बोतलों से सजावटी वस्तुएं, पौधों के गमले, पेन स्टैंड, वॉल हैंगिंग और अन्य उपयोगी सामग्री बनाना सिखाया।



*आरोपी पर पहले से 5 मामलें दर्ज*

### चाट रेहड़ी वाले से फ्रॉड करने के मामले में तीन आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** ऑनलाइन फ्रॉड के एक मामले में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विक्की उर्फ स्लेडा पुत्र देवराम निवासी वार्ड नं. 3, अशोक नगर, फतेहाबाद, पवन उर्फ पनी, पुत्र जोगेंद्र सिंह तथा गुरदीप सिंह उर्फ काला, पुत्र मलकीत सिंह, निवासी वार्ड नं. 4, अशोक नगर, फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि इससे पहले भी इसी मामले में एक आरोपी को काबू किया जा चुका है। आरोपी विक्की उर्फ स्लेडा आदतन अपराधी है और इसके खिलाफ गैंबलिंग एक्ट, चोरी व साइबर फ्रॉड जैसी संगीन धाराओं के तहत 5 मुकदमे पहले से दर्ज हैं।



■ फतेहाबाद में फ्रॉड केस में गिरफ्तार तीनों युवक

*प्रथम को हजार व द्वितीय को 600 रुपये दिए*

### निबंध प्रतियोगिता में कामना ने प्रथम, ऋतिक ने द्वितीय और मुस्कान ने तीसरा स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुचान में छुआछूत उन्मूलन कार्यक्रम जिला कल्याण विभाग की ओर से करवाया गया जिसमें मुख्यातिथि जिला कल्याण अधिकारी राकेश कुमार शामिल हुए। राकेश कुमार ने कहा कि समय-समय पर हरियाणा सरकार द्वारा कल्याण विभाग द्वारा दी गई योजनाएं आम जनमानस में इस माध्यम से प्रचारित प्रसारित की जाती है और विद्यालयों में छुआछूत उन्मूलन कार्यक्रम के तहत निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता करवाकर इस दिशा में संदेश दिए जाते हैं।

#### निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया



विशिष्ट अतिथि चमन भारतीय ने कहा कि आज युग बदल गया है। सभी को शिक्षा का अधिकार है और सभी को भारतीय संविधान को अवश्य पढ़ना और पढ़ाना चाहिए, जिससे हम कानून की धाराओं के बारे में जान सकें। जो अधिकार हमें मिले हुए हैं उनके बारे में जान सकें। कार्यक्रम में श्रवण कुमार ने भी अपने विभाग की कल्याणकारी योजनाएं बच्चों को दी। प्राचार्य डॉ. रोहतास नोखवाल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में, स्टाफ , गांव में एवं समाज में अच्छा संदेश जाता है। समय-समय पर विद्यालय में ऐसे कार्यक्रम करवाने चाहिएं। प्रधानाचार्य ने आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। वहीं इस अवसर पर स्कूल में करवाई गई निबंध प्रतियोगिता में कामना प्रथम, ऋतिक द्वितीय, मुस्कान तृतीय और भाषण प्रतियोगिता में सपना प्रथम, ज्योति द्वितीय और शगुन तृतीय स्थान पर रही। इनको क्रमशः प्रथम को हजार रुपए, द्वितीय को 600 एवं तृतीय को 400 रुपए की राशि देकर कल्याण विभाग की ओर से सम्मानित किया गया।

---

*विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया आयोजन*

### सीडीएलयू रचनात्मकता और जागरुकता के साथ में मनाया विश्व नारियल दिवस

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के वनस्पति विज्ञान विभाग की बॉटनिकल सोसायटी की ओर से मंगलवार को विश्व नारियल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. मोहम्मद काशिफ किदवई ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ रंगोली प्रतियोगिता के साथ हुआ, जिसका उद्देश्य भोजन, स्वास्थ्य, सौंदर्य प्रसाधन, सतत जीवन शैली और पर्यावरण संरक्षण में नारियल के बहुआयामी उपयोग के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस प्रतियोगिता में एम.एससी. बॉटनी एवं बी.एससी.-एम.एससी. इंटीग्रेटेड लाइफ साइंस कार्यक्रम के कुल 21 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने आकर्षक और रंग-बिरंगी रंगोलियाँ बनाकर नारियल के महत्व एवं पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया। रंगोली प्रतियोगिता का मूल्यांकन डीन शिक्षा संकाय प्रो. निवेदिता हूडा, डीन लाइफ साइंसेज प्रो. जे.एस. दुहन, जनसंपर्क निदेशक, डॉ. अमित एवं एफएसटी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मंजू नेहरा ने किया। प्रतियोगिता में बी.एससी.-एम.एससी. इंटीग्रेटेड प्रोग्राम की खुशी ने प्रथम स्थान, एम.एससी. बॉटनी प्रीवियस कंचन ने द्वितीय स्थान पाया।



विश्व नारियल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेती छात्राएं।

#### नारियल को जीवन का वृक्ष कहा जाता : विजय कुमार

विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर ज्योति सांगवान ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन कुलगुरु प्रोफेसर विजय कुमार के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष का वैश्विक थीम एन्कोवेरिंग कोकोनट्स पावर, इंस्पायरिंग ग्लोबल एक्शन था, जिसका उद्देश्य नारियल के पोषण, आर्थिक एवं पर्यावरणीय महत्व को उजागर करना था। नारियल को अक्सर जीवन का वृक्ष कहा जाता है, और कार्यक्रम इसी संदेश के इर्द-गिर्द केंद्रित रहा।

### पोस्टर मेकिंग में कुमकुम ने मारी बाजी

■ एमएम कॉलेज में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का शुभारंभ

**फतेहाबाद।** मनोहर मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एनएसएस यूनिट, रेड क्रॉस क्लब और कम्यूनिटी केयर क्लब के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जा रहा है। 1 से 7 सितम्बर तक चलने वाले इस पोषण सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के प्रथम दिवस की शुरुआत स्लोगन राइटिंग और पोस्टर मेकिंग कम्पीटिशन के साथ की गई। इन प्रतियोगिताओं में कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। विद्यार्थियों ने पोस्टरों के माध्यम से पोषण के महत्व को बताया। प्रतियोगिता में कुमकुम ने प्रथम, नेहा ने द्वितीय तथा सिमरनजीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोषण सप्ताह के दूसरे दिन आज विद्यार्थियों द्वारा न्यूट्रिशन रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों और आम नागरिकों को संतुलित और पौष्टिक आहार के महत्व के बारे में बताया गया।




पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेती कॉलेज की छात्राएं।

#### रैली को किया रवाना

कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या ने रैली को रवाना किया। डॉ. कमला जोशी ने बताया कि पोषण सप्ताह के तीसरे दिन हेल्थ चेकअप कैंप लगाया जाएगा वहीं चौथे दिन नाटक का मंच किया जाएगा। इसके पश्चात पांचवें दिन पोषण से संबंधित विद्यार्थियों को एक प्रतिज्ञा दिलवाई जाएगी तथा 6 सितंबर को किचन गार्डन एक्टिविटी के साथ योग करवाया जाएगा। 7 सितम्बर को कार्यक्रम का समापन होगा। अंतिम दिन विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण के साथ-साथ राष्ट्रीय पोस्ट पोषण के संबंध में एक व्याख्यान भी दिया जाएगा।

### आरोही मॉडल स्कूल के चार विद्यार्थियों का राज्य स्तर पर चयन

**रतिया।** आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल जल्लोपुर रतिया के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय विद्यालय खेल -कूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं रतिया क्षेत्र का नाम रोशन किया है। खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यालय के चार विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान हासिल करके प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। आरोही स्कूल के प्राचार्य एवं खंड शिक्षा अधिकारी शशि प्रकाश ने बताया कि जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में फतेहाबाद जिले के विभिन्न स्कूलों से आए हुए विद्यार्थियों ने समूह एवं एकल खेलों में अपनी प्रतिभागिता की। आरोही स्कूल जल्लोपुर के 12वीं कक्षा के छात्र आजाद ने भारतोलन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, गायत्री ने अंडर-19) कराटे प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, तमन्ना ने अंडर-14) ताइक्वांडों में प्रथम स्थान पाया।

---

**बातचीत** | वोट चोरी का ड्रामा कर रहे राहुल गांधी, बिहार के बाद पश्चिम बंगाल में होगा सर्वे : सांसद

*सोलर एनर्जी प्रतिष्ठान के शुभारंभ के अवसर पर सांसद ने पत्रकारों से की बातचीत*

## पीएम की माता पर अशोभनीय टिप्पणी कांग्रेस की गिरावट की पहचान, जनता सिखाएगी सबक : बराला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता से कांग्रेस बौखलाई हुई है। राहुल गांधी वोट चोरी का ड्रामा कर रहा है। कांग्रेस की मंशा है कि घुसपैठियों, रोहिंग्यों और बांग्लादेशियों के वोट बने लेकिन चुनाव आयोग पात्र मतदाताओं की पहचान कर रहा है, इस बात को लेकर कांग्रेस को अपना वोट बैंक खोता देखकर घबराहट हो रही है। चुनाव आयोग बिहार के बाद पश्चिम बंगाल में भी सर्वे करवाएगा। राज्यसभा सांसद मंगलवार को फतेहाबाद में चेयरमैन वेद फुलां व उनके बेटे जतिन फुलां द्वारा शुरू किए गए जेपी सोलर एनर्जी प्रतिष्ठान के शुभारंभ के अवसर पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।




**फतेहाबाद।** सांसद सुभाष बराला का स्वागत करते चेयरमैन वेद फुलां व जतिन फुलां।

#### माफी मांगनी चाहिए

कांग्रेस के मंच से प्रधानमंत्री की माता पर की गई अशोभनीय टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सांसद सुभाष बराला ने कहा कि लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले और जिसकी पूरी दुनिया में गूंज है उस व्यक्ति पर समय-समय पर कटाक्ष किया जाना कांग्रेस की गिरावट की पहचान है। कांग्रेस ने घृणित कार्य किया है। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को इस मामले में तुरंत माफी मांगनी चाहिए थी।

#### बरसात पर जताई चिंता

प्रदेश व देश में लगातार हो रही बरसात पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्यसभा सांसद ने कहा कि हरियाणा सरकार लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए हैं, जहां फसलें खराब हुई है, वहां विशेष गिरदावरी करवाई जा रही है। जरुरत के हिसाब से क्षतिपूर्ति पोर्टल को खोला जा रहा है। जिला के 21 गांवों के किसानों के लिए पोर्टल खोला गया था। फतेहाबाद जिला का सारा प्रशासन फील्ड में काम करते दिखाई दे रहा है।

#### क्रांतिकारी योजनाएं लाई

सांसद ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार ऊर्जा के मामले में देश को आत्मनिर्भर करने के लिए क्रांतिकारी योजनाएं लाई है। किसानों को 10 हार्सपॉवर का सोलर ट्यूब्वैल लगाने पर 75 फीसदी सब्सिडी मिल रही है। विशेष रुप से प्रधानमंत्री सौर ऊर्जा पर जोर दे रहे हैं। चाहे वह कृषि क्षेत्र की बात हो या प्रधानमंत्री सूर्या घर योजना के तहत घर पर सोलर कनैक्शन की बात हो, सोलर पर विशेष रियायतें दी जा रही हैं।

## खबर संक्षेप



### लेन-देने में अपहरण करने के आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** एक युवक का अपहरण करने के शक में भूना पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान अशोक कुमार व अनिल कुमार पुत्र जयकुमार निवासी खाजा खेड़ा, रंगड़ी रोड, सिरसा के रूप में हुई है। थाना भुना प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि इस बारे लक्ष्मण दास पुत्र ज्ञानीराम यादव निवासी दहमान ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी।

### जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने के मामले में रतिया पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी अमनदीप उर्फ जुगली पुत्र जगतार सिंह निवासी वार्ड नं. 03, रतिया को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि 8 अगस्त को रतिया क्षेत्र में अमनदीप पुत्र मलकीत सिंह और संजीव पुत्र बूटा सिंह पर कुछ व्यक्तियों ने मिलकर तलवार, लोहे की गरारी, डंडों व अन्य घातक हथियारों से जानलेवा हमला किया था। हमले में दोनों व्यक्तियों को गंभीर चोटें आईं।

### दुकानदार से ठगी, 3 हजार ट्रांसफर करवाकर भागा

**फतेहाबाद।** गांव झलनियां में एक मोबाइल दुकानदार से युवक द्वारा 3 हजार रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। युवक ने कैश देकर ऑनलाइन ट्रांसफर करवाने के नाम पर 3 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए और बिना पैसे दिए मौके से फरार हो गया। इस मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव झलनियां निवासी देवेन्द्र कुमार ने कहा है कि उसकी गांव में ही मोबाइल की दुकान है। कुछ दिन पहले युवक तीन हजार रुपये ट्रांसफर करवाने के भाग गया।

## एसडीएम ने घग्गर नदी का निरीक्षण कर किसानों से की बातचीत, मदद का दिया आश्वासन

# घग्गर नदी के जलस्तर और तटबंधों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन हाई अलर्ट पर

**सरदूलगढ़ में मंगलवार सुबह 26400 क्यूसिक पानी था जो शाम को बढ़ कर 28040 क्यूसिक तक पहुंच गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पहाड़ों में हो रही बरसात के चलते मंगलवार को घग्गर के जलस्तर में बढ़ोतरी देखी गई। पंजाब के सरदूलगढ़ क्षेत्र से सुबह 26400 क्यूसिक पानी था जो शाम को बढ़ कर 28040 क्यूसिक पहुंच गया। सिरसा के ओटू में भी 17500 क्यूसिक पानी चल रहा है। घग्गर नदी के जलस्तर और तटबंधों की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। जहां सिंचाई विभाग की टीमें दिनरात निगरानी कर रही है, वहीं प्रशासनिक अधिकारी भी निरीक्षण कर पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित कर रहे हैं और ग्रामीण भी पूरा सहयोग कर रहे हैं। इसके अलावा खरीफ चैनल और ड्रैन आदि पर भी निगरानी रखी जा रही है। घग्गर नदी में जलस्तर की स्थिति देखें तो दोपहर 12 बजे तक सरदुलगढ़ पॉइंट पर 27600 व ओटू वियर डाउन स्ट्रीम में 17500 क्युसिक पानी चल रहा है। मंगलवार सुबह एसडीएम राजेंद्र कुमार ने घग्गर नदी का निरीक्षण किया। उन्होंने नेजाडेला, मल्लेवाला, सहारणी, खैरेकां, अहमदपुर, मीरपुर, सुखचैन ढाणी में किसानों से बातचीत की और कहा कि घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। एहतियात के तौर पर तटबंधों को और मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि फिर भी किसी प्रकार की कोई दिक्कत आती है तो उसकी सूचना प्रशासन को दें। प्रशासनिक टीमें भी घग्गर नदी पर तैनात है। उन्हें भी समस्या आते ही जानकारी दी जा सकती है। उन्होंने नहरी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि घग्गर में तटबंध मजबूत रहने चाहिए और जहां तटबंध कमजोर नजर आए वहां पर मिट्टी डलवाएं। कहीं भी किसी प्रकार की परेशानी आए तो अधिकारियों को इसकी सूचना दें। उपायुक्त ने कहा कि घग्गर के जलस्तर और तटबंधों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन बारीकी से नजर बनाए हुए है।



**सिरसा।** घग्गर के तटबंधों पर बसे गांवों के लोग मिट्टी से भरे प्लास्टिक के गट्टे लगाकर बाढ़ से बचाव करते हुए।

### मिट्टी से भरे प्लास्टिक बैग से बनाया जा रहा बांध

*हालांकि घग्गर के तटबंधों पर बसे गांवों के लोगों ने मिट्टी से भरे प्लास्टिक के गट्टे लगाए हुए हैं। फिर भी ग्रामीण दिन और रात को घग्गर पर पहरा दे रहे हैं। बारिश के चलते तटबंध की मिट्टी गीली हो गई है, जिससे सही से बांध बना पाना मुश्किल साबित हो रहा है। उधर, सिरसा के 20 से ज्यादा सरकारी स्कूलों में जलभराव के चलते हालात बदतर हो गए हैं। स्कूल परिसर और मेन गेट के बाहर रोड पर दो से तीन फुट तक पानी जमा हो गया है।*

### डीसी ने हिसार-घग्गर ड्रेन का किया दौरा, भूना में पानी निकासी के लिए लगाए 16 पंप सैट



**फतेहाबाद।** भट्टू क्षेत्र में हिसार-घग्गर ड्रैन का निरीक्षण करते डीसी।

**फतेहाबाद।** उपायुक्त मनदीप कौर ने मंगलवार को चिल्ली झील स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निरीक्षण किया और जल निकासी की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से बारिश के दौरान हुए जलभराव की निकासी कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी ली और निर्देश दिए कि पानी की निकासी सुचारु और त्वरित रूप से सुनिश्चित की जाए। उपायुक्त ने रामसरा, ढाबी खुर्द व जांडवाला बागड़-दैयड़ रोड पर बने हिसार-घग्गर ड्रेन का निरीक्षण भी किया। एसटीपी के निरीक्षण उपरांत उपायुक्त ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि बारिश से उत्पन्न जलभराव की समस्या से निपटने के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी कर रखी है। जिले के विभिन्न स्थानों पर जल निकासी कार्य को तेज गति से चलाया जा रहा है और इसके लिए विभागीय टीमें दिन-रात काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि मौजूदा स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और प्रशासन लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है।

### घर में हुए जलभराव में फंसे जच्चा-बच्चा, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निकाला बाहर

**फतेहाबाद।** कहते हैं, जब सेवा का भाव सच्चा हो और कर्तव्य को धर्म बना लिया जाए, तो इंसान ईश्वर का रूप बन जाता है। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है फतेहाबाद पुलिस की ईआरवी-230 टीम ने, जो न केवल कानून की रक्षा कर रही है, बल्कि संकट की घड़ी में आमजन की ढाल बनकर सामने आ रही है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के मार्गदर्शन में फतेहाबाद पुलिस मानवता और सेवा धर्म को भी बखूबी निभा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को थाना भूना की ईआरवी-230 टीम ने मानवीय सेवा का ऐसा कार्य किया, जिसने पुलिस को जनसेवक के रूप में पुनः स्थापित किया है। लगातार हो रही भारी बारिश और जलभराव की विकट स्थिति के बीच वार्ड नं. 12, भूना निवासी तान्या, जो हाल ही में एक नवजात शिशु को जन्म दे चुकी थीं।

### एसडीएम ने किया शहर का निरीक्षण, कर्मचारी को पानी निकासी के प्रबंध तेज करने के दिए निर्देश

**सिरसा।** एसडीएम राजेंद्र कुमार ने बरसाती पानी की निकासी को लेकर मंगलवार को शहरी क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने सुरखाब चौक, कंगनपुर रोड, गोल डिग्गी का दौरा कर नगर परिषद व जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को बरसाती मौसम में जलभराव रोकने को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात होने के बाद जितनी जल्दी हो सके, उतनी देर में पानी निकासी की व्यवस्था सही होनी चाहिए, अधिकारी यह भी जांच लें कि कोई भी पंप सैट या मोटर खराब न हो। प्रत्येक पंप सैट को बरसात होते ही चलाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पानी निकासी प्राथमिकता के साथ करें और कहीं पर कोई रुकावट आती है तो उसे तत्काल दूर करें। उन्होंने कहा कि समय पूर्व किए गए पुख्ता प्रबंध से ही पानी निकासी जल्द हो सकती है। दोनों विभागों के अधिकारियों को उन्होंने तालमेल के साथ काम करने और हर रोज फील्ड में पहुंच कर पानी निकासी संबंधी अपडेट देने के निर्देश दिए। एसडीएम ने इससे पहले सोमवार सायं जनता भवन रोड, केंद्रीय विद्यालय कंगनपुर रोड क्षेत्र, सुरतगढिया चौक, सुरखाब चौक व सदर बाजार का दौरा किया था।



**सिरसा।** शहर का निरीक्षण करते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

### बारिश में बिजली दुर्घटनाएं रोकने के लिए सुरक्षा नियमों का पालन करें

**फतेहाबाद।** जिले में पिछले कई दिनों से लगातार तेज बारिश हो रही है, जिसके कारण कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई है तथा बाढ़ की संभावना भी बनी हुई है। ऐसे समय में बिजली से जुड़ी दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इसे देखते हुए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, फतेहाबाद ने आम लोगों से अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा हेतु सतर्क रहने और बिजली सुरक्षा उपायों का पालन करने की अपील की है। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम फतेहाबाद ऑपरेशन सर्कल फतेहाबाद के अधीक्षण अभियंता एसएस राय ने बताया कि बरसात के मौसम में कुछ सावधानियां बरतकर आम लोग इन घटनाओं को रोक सकते हैं। उन्होंने कहा कि गीले हाथों से कभी भी विद्युत उपकरण न छुएँ।

### मिट्टी के बैगों से रिंग बांध बनाए जाएं : डीसी

**फतेहाबाद।** उपायुक्त मनदीप कौर ने मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला अधिकारियों के साथ बारिश से हुए जलभराव की स्थिति पर समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों को और अधिक तेज करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि किसी भी नागरिक को परेशानी का सामना न करना पड़े। उपायुक्त ने सभी बीडीपीओ को निर्देश दिए कि भविष्य में जिन गांवों में पानी भरने की संभावना हो, वहां तत्काल सैंड बैग लगाकर रिंग बांध बनाए, जिससे आबादी पूरी तरह सुरक्षित रह सके। साथ ही, जिला परिषद सीईओ को आदेश दिए गए कि वे प्रतिदिन रिपोर्ट लेकर फीडबैक सुनिश्चित करें और जहां भी पानी आबादी में घुसने का खतरा हो, वहां तुरंत निकासी की व्यवस्था की जाए। डीएफएससी को निर्देश दिए गए कि वेयरहाउस और भंडारण स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखी जाए तथा आवश्यकता पडऩे पर सामान को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए। बिजली विभाग को कहा गया कि तारों की मरम्मत और तकनीकी खामियों को तुरंत दुरुस्त किया जाए, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। उपायुक्त ने बताया कि सभी पीएचसी में वैक्सीन और मेडिकल किट भेज दी गई हैं, ताकि जरूरत पडऩे पर तुरंत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि कहीं जलभराव या अन्य समस्या दिखाई दे, तो तुरंत जिला कंट्रोल रूम नंबर 01667-230018 पर सूचना दें।



फतेहाबाद। चिल्ली झील पर बने एसटीपी का निरीक्षण करती उपायुक्त मनदीप कौर।

### घग्गर में बढ़ते जलस्तर को लेकर एसडीएम ने दौरा कर मौजूदा हालातों का लिया जायजा

**रतिया।** पहाड़ो में हुई ज्यादा बरसात के कारण घग्गर में बढ़ते जलस्तर को लेकर एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ घग्गर नदी का दौरा कर मौजूदा हालातों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रतिया क्षेत्र में स्तिथि फिलहाल कंट्रोल में है, बाढ़ जैसी स्तिथि से निपटने के लिए प्रशासन पूरे तरीके से तैयार है। अधिकारियों की ड्यूटी लगाते हुए अलर्ट रहने के निर्देश जारी किए जा चुके है। इस दौरान एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फिल्ड में रह कर ग्रामीण क्षेत्रों में जल भराव से संबंधित जानकारी तुरंत प्रशासन के संज्ञान में लेकर आए। इस कार्य में कोई भी लापरवाही न बरती जाए। संभावित बाढ़ की स्तिथि से निपटने के लिए सिंचाई विभाग द्वारा घग्गर नदी के बुढलाडा रोड़ पर मिट्टी के बैग भरने का काम शुरू किया गया है और नदी के किनारो पर सफाई भी करवाई जा रही है। एसडीएम ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान उन्होंने बाढ़ से निपटने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा अब तक किए गए प्रबंधों की जानकारी ली।

# नगरपरिषद कर्मचारी 4 को अधिकारियों का घेराव करेंगे, राणा बने इकाई प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नगर पालिका कर्मचारी संघ के लगभग दो महीने से खाली पड़े पदों पर चुनाव को लेकर आज नगरपरिषद प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला वरिष्ठ उप प्रधान ओम प्रकाश लौट ने की तथा संचालन जिला सचिव विजय ढाका ने किया। बैठक में जहां कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई वहीं फतेहाबाद इकाई की नई कार्यकारिणी का नगर पालिका कर्मचारी संघ के संविधान अनुसार चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हुई। चुनाव पर्यवेक्षक के तौर पर संघ के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान रमेश तुषामड़ उपस्थित रहे। उनकी देख रेख फतेहाबाद इकाई के प्रधान पद का चुनाव जिसमें सर्व सहमति से नरेश राणा को इकाई प्रधान चुना गया। अमित गिल को उप प्रधान चुने गए।



फतेहाबाद। नगरपालिका कर्मचारी संघ की बैठक में भाग लेते कर्मचारी।

### शोषण कर रही सरकार : गिल

*इकाई प्रधान नरेश राणा व उप प्रधान अमित गिल ने बताया कि सरकार की वायदा खिलाफी के खिलाफ व सफाई अभियान के नाम पर सफाई कर्मचारियों का शोषण करने, बिना सेफ्टी उपकरण में बरसात के दिनों काम करवाने के खिलाफ संघ ने आंदोलन करने का निर्णय लिया है। राज्य कमेटी के आह्वान पर 4 सितंबर को पूरे हरियाणा के साथ फतेहाबाद इकाई के कर्मचारी भी नगरपरिषद के कार्यकारी अधिकारी, सचिव तथा जिला नगर आयुक्त का घेराव करेंगे।*

### मताना डाइट में पंजाबी एवं शारीरिक शिक्षा शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू



**फतेहाबाद।** डाइट मताना में प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते डीईओ संगीता

**फतेहाबाद।** टीजीटी पंजाबी और टीजीटी शारीरिक शिक्षा के लिए पांच दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम डाइट, मताना, फतेहाबाद में आरम्भ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी और प्राचार्य, डाइट मताना संगीता बिश्नोई ने दीप प्रज्जवलित करके किया। डीईओ ने अपने संबोधन में सतत अधिगम, व्यावसायिक समर्पण भाव तथा शिक्षण में नवाचार की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर डाइट इंचार्ज शेर सिंह ने भी सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दीं और प्रशिक्षण का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 124 टीजीटी पंजाबी शिक्षक और 45 टीजीटी शारीरिक शिक्षा शिक्षक भाग ले रहे हैं। सत्रों का संचालन एससीईआरटी, गुरुग्राम से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स कर रहे हैं, जिनका उद्देश्य प्रतिभागियों के विषय ज्ञान को सुदृढ़ करना, शिक्षण की नई तकनीक से अवगत करवाना और कक्षा शिक्षण की प्रभावशीलता को बढ़ाना है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम संयोजक डॉ. महेन्द्र कुमार और डॉ. ईश्वर सिंह के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। पंजाबी विषय के मास्टर ट्रेनर्स जगजितेन्दर सिंह, कुलविन्दर सिंह, जगवंत सिंह और किरणपाल कौर तथा शारीरिक शिक्षा के मास्टर ट्रेनर्स राजीव अहलावत और मनोज कुमार समर्पण और उत्साह के साथ प्रशिक्षण सत्रों का संचालन कर रहे हैं।

### भूना-उकलाना रोड पर गिरा पेड़, पुलिस ने पेड़ हटवाकर यातायात किया बहाल

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय है, बल्कि जनसेवा और त्वरित सहायता के लिए भी सदैव तत्पर रहती है। इसी क्रम में मंगलवार को ईआरवी-216 टीम ने भुना-उकलाना रोड पर सेवा भाव का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। मिली जानकारी के अनुसार, भुना-उकलाना रोड पर अचानक एक बड़ा पेड़ गिरने से सडक़ पूरी तरह अवरुद्ध हो गई थी, जिससे आमजन को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सूचना मिलते ही ईआरवी-216 टीम तुरंत मौके पर पहुँची और स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तत्काल जेसीबी मशीन बुलाकर पेड़ को सडक़ से हटवाया। तत्पश्चात यातायात को सुचारू रूप से बहाल कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए कहा कि यदि समय पर मदद न मिलती तो कई घंटे तक मार्ग बाधित रहता।

### स्कूल प्रशासन ने सराहा

## क्रेसंट स्कूल का छात्र खुशांत का राष्ट्रीय खेलों में चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

क्रेसण्ट पब्लिक स्कूल के कक्षा 12वीं कला संकाय के मेधावी छात्र एवं उत्कृष्ट धावक खुशांत ने एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अद्वितीय सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता रॉयल इंटरनेशनल स्कूल, खारा खेड़ी में खुशांत ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर 1500 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। खुशांत की इस शानदार उपलब्धि के परिणामस्वरूप उसका चयन राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता के लिए किया गया। प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि खुशांत ने कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं दृढ़ निश्चय के द्वारा यह उपलब्धि अर्जित की है। उन्होंने बताया कि खुशांत की इस प्रकार की उपलब्धियाँ अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगीं। उन्होंने कहा कि खुशांत की आज इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार गद्गगद् है।

### अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन का ऐलान

## मनरेगा बचाओ-रोजगार बचाओ के तहत 19 को डीसी दफ्तर पर प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भाजपा सरकार भ्रष्टाचार की आड़ में मनरेगा को खत्म करने पर तुली हुई है। भाजपा सरकार की नीति और नीयत ठीक हो तो मनरेगा कानून ग्रामीण विकास एवं मजदूरों के रोजगार के लिए कारगर साबित हो सकता है लेकिन शासन और प्रशासन की मिलीभगत से मनरेगा को खत्म करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। यह बात अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन हरियाणा के उपाध्यक्ष रामकुमार बहबलपुरिया ने खेत मजदूर यूनियन फतेहाबाद जिला कमेटी मीटिंग को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। मीटिंग की अध्यक्षता प्यारा राम म्योंद ने की तथा संचालन दलबीर सिंह आजाद ने किया। मीटिंग में चर्चा करते हुए नोट किया गया कि इस समय बरसात की वजह से हजारों घरों में पानी घुसने से मकानों में दरार आ गई है, सैंकड़ों मकान गिर गए हैं, जिनकी फौरन मरम्मत के लिए ग्रांट जारी करने की जरूरत है। मकानों की छत गिरने से जान-माल का भी भारी नुकसान हुआ है। मनरेगा पर चर्चा करते हुए बहबलपुरिया ने कहा कि शासन प्रशासन के अधिकारीयों द्वारा मनरेगा में भयंकर किस्म से भ्रष्टाचार किया जा रहा है। उन पर कार्रवाई करने रोक लगाने की मांग रखी गई।

### डेरा जगमालवाली के संत पहुंचे पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में, मदद का दिया आश्वासन

# प्रभावित परिवारों का जाना हालचाल, राहत सामग्री वितरित

**बाढ़ पीड़ितों ने पशु को बरसात व धूप से बचाने के लिए तिरपाल देने की मांग रखी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कालांवाली

डेरा जगमालवाली के संत बिरेंद्र सिंह ने पंजाब के फाजिल्का जिला के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और वहां प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। डेरा की ओर से राहत सामग्री बांटी भी गई। संत सबसे पहले बाढ़ के हालत की जानकारी लेने के लिए लाधूका मंडी पहुंचे जहां बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से लोग यहां आकर रुके हुए है, से मुलाकात की और यहां प्रभावित परिवारों के पशुओं के लिए तिरपाल भेंट किए। संत बिरेंद्र सिंह के समक्ष परिवारों ने पशु को बरसात व धूप से बचाव के लिए तिरपाल देने की मांग रखी थी। इसके बाद संत खुद ही ट्रैक्टर चलाकर पानी के बीच से ही भैणी गुदड़ में पहुंचे और यहां के विकट हुए हालत की जानकारी ग्रामीणों से ली।

.ग्रामीणों ने बताया कि राहत सामग्री को मिल रही है लेकिन पशुओं के लिए तिरपाल की व्यवस्था कर दें। संत ने कहा कि इस गांव के हर घर में पशुओं के लिए तिरपाल दिया जा रहा है और मच्छर पैदा होने के चलते मच्छरदानी भी हर घर में देंगे। संत ने कहा कि यहां जो भी जरुरत की वस्तुओं चाहिए होगी वह देने का प्रयास रहेगा। उन्होंने ग्रामीणों से सावधानी बरतने को भी कहा ताकि पानी बढऩे की स्थिति में समय पूर्व सुरक्षित स्थान पर पहुंच सकें। ग्रामीणों ने कहा कि बाढ़ के कारण इतना नुकसान हो गया है कि इसकी भरपाई नहीं हो पाएगी।



**सिरसा।** पंजाब के फाजिल्का जिला में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री लेकर पहुंचे संत बिरेंद सिंह।

### डेरे में लंगर व रहने की व्यवस्था

संत बिरेंद्र सिंह ने कहा कि कोई बाढ़ प्रभावित परिवार इस घड़ी में समीपवर्ती डेरा अरनिवाला में आकर रह सकता है, यहां उनके लिए लंगर व रहने की पूरी व्यवस्था रहेगी। पशु भी डेरा में रख सकते है। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा जारी रखेंगे। गांव में जाकर ग्रामीणों की मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि डेरा की ओर बाढ़ प्रभावितों का हर संभव सहयोग दिया जाएगा और सेवा कार्य लगातार जारी रहेंगे।

### बाढ़ पीड़ितों के लिए जुटाया राशन, लोगों ने सेवा में दिया अमूल्य योगदान

***सिरसा।*** *पंजाब में आई भयंकर बाढ़ में बेहिसाब नुकसान हुआ है, लेकिन मुश्किल के इस दौर में सिरसा का हरियाली से भरा छोटा सा गांव भरोखां ने मानवता का एक महान उदाहरण पेश किया है। गांव के लोगों ने मिलकर बाढ़ पीड़ितों के लिए राशन और जरूरी सामग्री एकत्रित की और खुद सेवा कार्यों में हिस्सा लेकर राहत कार्यों को गति दी। ग्रामीणों ने न केवल अपने संसाधन जुटाए, बल्कि बाढ़ पीड़ितों के लिए खुद पंजाब के प्रभावित क्षेत्रों में पहुंच कर राहत वितरण में योगदान दिया। उनकी यह पहल न सिर्फ सामाजिक एकता को दर्शाती है, बल्कि यह बताती है कि संकट के समय में गांव भरोखां हमेशा आगे रहता है। यह सेवा भाव और संकल्प उस संस्कार की गवाही देते हैं जो गांव के लोगों में गहराई से जड़ा हुआ है। सुभाष सेठी सरपंच , सुरेन्द्र जाखड़ , सुरजीत जाखड़, विनय दूसाद, मांगेराम रोज, प्रभु भांभू, हवा सिंह सुथार, वीर सिंह, हरीश बट्टी, राजेश योगी, रघुबीर जाखड़, युधवीर रोज, सतवीर योगी, ओमप्रकाश, रामकुमार बाबल, मिल्खराज, लालचंद जाखड़, रवीश रोज, देशराज रोज, सुरेंद्र रोज, रणधीर रोज, भीम रोज सरपंच, सुरेंद्र रोज, साहिल रोज, विशाल रोज, विनोद रोज, वेदप्रकाश रोज समस्त ग्रामवाशी आदि उपस्थित थे।*